CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 360 | बिजौलिया - शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## हाईकोर्ट की सख्ती, पंचायत-निकाय चुनाव पर सरकार से मांगा पूरा रोडमैप

## 20 जुलाई तक चुनाव कार्यक्रम सौंपने के निर्देश, ओबीसी आयोग और निर्वाचन आयोग से पूछा- आखिर देरी क्यों?

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में हो रही देरी पर राजस्थान हाईकोर्ट ने गुरुवार को सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 20 जुलाई तक चुनाव कराने का पूरा रोडमैप प्रस्तुत किया जाए। इसमें यह भी बताया जाए कि ओबीसी आरक्षण पर आयोग अपनी रिपोर्ट कब देगा, वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया कब पूरी होगी और चुनाव की अधिसूचना किस तारीख को जारी की जाएगी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा और न्यायमूर्ति संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव संवैधानिक प्रक्रिया है और इसमें अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में



स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि समय पर काम नहीं हो सकता तो साफ बता दीजिए, अदालत वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार करेगी।

सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह और ओबीसी आयोग के सचिव-सलाहकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुए। कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्त से पूछा कि पहले भी तय समय निकलने के बाद चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था, फिर इस बार देरी क्यों हो रही है और अदालत उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करे।

निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया कि सरकार से ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला आरक्षण का अंतिम वर्गीकरण मिलते ही दो दिन के भीतर चुनाव प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। वहीं अदालत ने ओबीसी आयोग से भी रिपोर्ट में हुई देरी पर जवाब मांगा और पूछा कि समय मिलने के बावजूद अब तक रिपोर्ट तैयार क्यों नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट पहले ही 31 जुलाई तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने का आदेश दे चुका है। इसके बावजूद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने पर अवमानना याचिका दायर की गई। अब सरकार ने चुनाव आगे बढ़ाने की मांग की है, लेकिन हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि 20 जुलाई तक विस्तृत चुनाव कार्यक्रम हर हाल में अदालत के समक्ष पेश करना होगा।

## नीट-यूजी 2026 का परिणाम जारी टॉप-10 में राजस्थान के दो विद्यार्थी

### 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल, छात्राओं का रहा दबदबा



**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार देर रात नीट-यूजी 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने मेडिकल, डेंटल, आयुष एवं अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा उत्तीर्ण की है। अभ्यर्थी अपना परिणाम neet.nta.nic.in पर देख सकते हैं।

परीक्षा में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं राजस्थान के दो विद्यार्थियों ने भी देश के टॉप-10 में जगह बनाकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर रहा। सफल अभ्यर्थियों में 58 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल हैं। परिणाम जारी होने से पहले एनटीए ने अंतिम उत्तर कुंजी जारी की थी, जिसके कुछ ही मिनट बाद परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। अब सफल अभ्यर्थियों के लिए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

## सट्टा रैकेट का मास्टरमाइंड निकला पुलिसकर्मी

### दो युवकों को वेतन पर रख चला रहा था ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा, हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजधानी जयपुर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि जयपुर रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात एक हेड कांस्टेबल ही पूरे सट्टा रैकेट का मास्टरमाइंड था। आरोपी ने बिंदायका थाना क्षेत्र में किराए का मकान लेकर दो युवकों को हर महीने 20-20 हजार रुपए वेतन पर रखा था और उनके जरिए ऑनलाइन सट्टे का कारोबार संचालित कर रहा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है।

जयपुर (पश्चिम) के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि 14 जुलाई को बिंदायका थाना पुलिस ने सिरसी रोड स्थित एक फ्लैट पर दबिश देकर सुनील चौधरी और शक्ति सिंह को गिरफ्तार किया था। मौके से मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप बरामद किए गए, जिनके जरिए दोनों आरोपी जूम एप पर लाइव क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे थे।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे सुमेर सिंह के इशारे पर काम कर रहे थे। जांच में पता चला कि सुमेर सिंह नागौर जिले के लीलिया गांव का निवासी है और वर्तमान में जयपुर रिजर्व पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। वह घटना के समय छुट्टी पर था और तकनीकी निगरानी के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी हेड कांस्टेबल ही पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहा था। वह दोनों युवकों को वेतन देने के साथ सट्टे के कारोबार का पूरा खर्च भी उठाता था।




पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि इस नेटवर्क से और कितने लोग जुड़े हैं तथा कारोबार का दायरा कितना बड़ा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, विभाग ने आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी तैयारी कर ली है। मामले की जांच जारी है और पुलिस को इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आने की उम्मीद है।

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्री कांड का एक और आरोपी दबोचा




**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की वर्ष 2022 की हिंदी व्याख्याता (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा में फर्जी डिग्री के जरिए सरकारी नौकरी दिलाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने जोधपुर निवासी अशोक विश्नोई उर्फ अशोक चोटिया को दबोचा है, जिस पर मेवाड़ यूनिवर्सिटी, गंगरार के नाम से फर्जी एमए (हिंदी) की डिग्री और अंकतालिका उपलब्ध कराने में बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है।

एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि आरपीएससी भर्ती में अभ्यर्थी ब्रह्मा कुमारी ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी की एमए (हिंदी) की डिग्री प्रस्तुत की थी। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान यह डिग्री फर्जी पाई गई, जिसके बाद मार्च 2024 में अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थी ने फर्जी डिग्री और झूठे शपथ पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने का प्रयास किया था।

## 375 साल पुराने ऐतिहासिक रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, जयकारों से गूंजा उदयपुर

### 21 बंदूकों की सलामी, छतों पर उमड़ा आस्था का सैलाब; लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।**

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक एवं भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के बीच निकाली गई। देश की तीसरी सबसे बड़ी और राजस्थान की सबसे विशाल जगन्नाथ रथयात्रा इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक रही। मंदिर स्थापना के बाद पहली बार 375 वर्ष पुराने ऐतिहासिक लकड़ी के रथ को रथयात्रा में शामिल किया गया, जिसने श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनकर पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

रथयात्रा शुरू होने से पहले रजत और ऐतिहासिक लकड़ी के दोनों रथों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों को रथों में



विराजित कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। यात्रा के शुभारंभ पर भगवान को 21 बंदूकों की सलामी दी गई। पूरा वातावरण 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए।

रथयात्रा के स्वागत के लिए शहर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और स्वागत द्वार बनाए गए। हजारों श्रद्धालु सड़कों पर भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े, जबकि मकानों, दुकानों और इमारतों की छतों पर भी लोगों का जनसैलाब दिखाई दिया। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस वर्ष रथयात्रा में एक और ऐतिहासिक परंपरा देखने को मिली। 70 वर्ष बाद मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार की ओर से भगवान जगन्नाथ को विशेष शाही पोशाक अर्पित की गई। पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परंपरागत 'छेरा पहरा' (रथ बुहारने) की रस्म निभाई और भगवान की महाआरती कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

हालांकि, श्रद्धा और उल्लास के इस माहौल के बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने भीड़ का फायदा उठाया। रथयात्रा के दौरान दो महिलाओं के गले से चेन स्नेचिंग की घटनाएं सामने आईं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी, ताकि रथयात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## दिव्यांग प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए नई व्यवस्था, सात संभागों में बनेंगे विशेष बोर्ड



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने दिव्यांग प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और व्यवस्थित बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सातों संभागीय मुख्यालयों पर विशेष दिव्यांगता सत्यापन बोर्ड तथा अपीलीय मेडिकल बोर्ड गठित किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकारी भर्तियों में दिव्यांग आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिफिकेशन) कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है।

शासन सचिव अर्चना सिंह की ओर से जारी आदेश राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के निर्देशों की पालना में जारी किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य दिव्यांग प्रमाण-पत्रों से जुड़ी विसंगतियों को समाप्त कर भर्ती और सेवा संबंधी प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

नई व्यवस्था के तहत जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर और भरतपुर के मेडिकल कॉलेजों एवं उनसे संबद्ध अस्पतालों में विशेष सत्यापन बोर्ड गठित किए जाएंगे। इन बोर्डों का गठन संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अथवा मेडिकल अधीक्षक करेंगे, जो दिव्यांग प्रमाण-पत्रों का सत्यापन और आवश्यक मामलों में पुनः परीक्षण करेंगे।

सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से फर्जी या विवादित दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर रोक लगेगी, पात्र अभ्यर्थियों को पारदर्शी तरीके से आरक्षण का लाभ मिलेगा और सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में निष्पक्षता तथा विश्वसनीयता और अधिक मजबूत होगी।

# राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने की विभागीय प्रकरणों की समीक्षा

## मानवाधिकार आयोग में दर्ज प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जीआर मूलचंदानी गुरुवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों से संबंधित राज्य मानवाधिकार आयोग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में पुलिस, नगर निगम, नगर निकाय, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार से जुड़े मामलो में प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध समाधान किया जाए।

बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने नगर निगम एवं नगर निकाय अधिकारियों को सीवरेज मैनहोल हर समय सुरक्षित रूप से बंद रखने, नालों एवं नालियों की नियमित सफाई कराने तथा संवेदनशील क्षेत्रों का बारीकी से सर्वे कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। मूलचंदानी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी नियमित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त परिवेदनाओं का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रभावी निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर ही समय पर कर दिया जाए तो परिवादियों को उच्च स्तर पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा आमजन का प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत होगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्देशों के अनुरूप एवं नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सागर राणा, एडीएम प्रशासन हरीतिमा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया सहित अन्य संबंधित विभागों के विभिन्न अधिकारियों मौजूद रहे।

# गुरला में 9 फीट का अजगर मिलने से मचा हड़कंप

## वन विभाग व नागरिक सुरक्षा टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

कस्बे के कैलाशपुरी मार्ग पर मोलिया मगरी के पास बुधवार रात करीब 9 बजे 9 फीट लंबा अजगर दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे अजगर दिखाई देने पर लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वनपाल चंद्रपाल सिंह राणावत के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक एवं वन्यजीव रक्षक नारायण लाल बैरवा टीम सहित मौके पर पहुंचे। टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

रेस्क्यू अभियान के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वन्यजीव रक्षक नारायण लाल बैरवा ने लोगों से वन्यजीव दिखाई देने पर उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाने तथा तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की। रेस्क्यू अभियान में स्थानीय ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तत्वावधान में गाछा बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को एकत्र कर जहाजपुर रोड पर निर्माणाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में ले जाकर वैज्ञानिक तरीके से उपचारित किया जाएगा। इससे गंदगी से मुक्ति मिलेगी और शहर का वातावरण स्वच्छ रहेगा।

उन्होंने महिलाओं से प्रत्येक पांच वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई करवाने, घरों के आसपास जमा गंदे पानी को हटाने तथा डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। साथ ही ई-श्रमिक कार्ड, विभिन्न सरकारी योजनाओं और नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी का उपयोग करने के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' का संदेश भी दिया गया।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगवती गुर्जर, आशा सहयोगिनी लीला शर्मा, एएनएम हीरा बानो सहित कई महिलाओं ने भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# आगुचा पुलिस चौकी में एएसआई नेतराम जाट ने संभाला पदभार

## जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा**

**(गोपाल )**। गुलाबपुरा थाना क्षेत्र की आगुचा पुलिस चौकी में नवपदस्थापित एएसआई नेतराम जाट ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने साफा एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद एएसआई नेतराम जाट ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। अपराधों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की। कार्यक्रम में प्रशासक पति जितेंद्र नागर, समाजसेवी विजय कुमार जायसवाल, जीएसएस अध्यक्ष दल्लीचंद गुर्जर, मूलचंद गुर्जर, रामदेव गुर्जर, लादूराम जाट, केदारलाल बेरवा, अमरचंद गुर्जर, गोपाल कालिया, भोपाल गुर्जर, मदनलाल खटीक, रामधन जाट, रामपाल माली, रामकरण कलाल, भाजपा महामंत्री दीपक कुमार सेन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भीलवाड़ा महानगर द्वारा शहर के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा (फायर एनओसी) की स्थिति की जांच तथा बिना आवश्यक अनुमति एवं सुरक्षा मानकों के संचालित संस्थानों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

अभाविप विभाग संयोजक, महानगर मंत्री कुणाल सिंह राणावत ने बताया की परिषद ने मांग रखी शहर के समस्त शिक्षण संस्थानों की फायर एनओसी एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की व्यापक जांच कराई जाए तथा जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है या जो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान महानगर सह मंत्री नमन जैन, भाग संयोजक राहुल माली एवं कृष्णा साहू, नगर मंत्री शेखर गुर्जर ,ममता आचार्य, सह मंत्री खुशबू कंवर इकाई अध्यक्ष लविश जीनगर, इकाई सचिव विट्ठल शर्मा तथा कार्यकर्ता हिमांशु दाधीच कुलदीप सिंह सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरि सेवा उदासीन आश्रम में वार्षिक वर्सी उत्सव जारी

## जगन्नाथ रथ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत, आज मनाई जाएगी बाबा गंगाराम साहब की 30वीं वार्षिक वर्सी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





हरि सेवा उदासीन आश्रम में आयोजित वार्षिक वर्सी उत्सव के तीसरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों, सत्संग और सेवा कार्यों का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ हुआ। श्री श्रीचन्द्र सिद्धांत सागर के अखंड पाठ की पूर्णाहुति पर भोग लगाया गया तथा संत-महापुरुषों के सान्निध्य में श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। देश-विदेश से आए श्रद्धालु सत्संग, प्रवचन एवं सेवा-सुमिरन में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने भजन एवं प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के नाम की महिमा बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सतगुरु बाबा शेवाराम साहब के जीवन, सेवा और सनातन धर्म के प्रति उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से भीलवाड़ा में सेवा और सुमिरन की परंपरा मजबूत हुई, जिसका लाभ आज समाज को मिल रहा है।

उत्सव के दौरान नित्य हवन-यज्ञ, विभिन्न धार्मिक पाठ, आरती, प्रार्थना तथा संत-महात्माओं के सत्संग एवं प्रवचन हुए। संत निर्वाण मंडल के अनेक संत-महात्माओं ने श्रद्धालुओं को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। अन्नक्षेत्र में भंडारे की भी व्यवस्था रही।

सायंकाल में इस्कॉन मंदिर की ओर से निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के आश्रम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा एवं भक्ति भाव से स्वागत किया। भगवान जगन्नाथ को श्री हरि सिद्धेश्वर मंदिर में विराजित किया गया तथा श्रद्धालुओं को ठंडाई एवं प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि में विभिन्न भजन मंडलियों ने भक्ति संध्या प्रस्तुत की।

**आज होंगे ये प्रमुख आयोजन**

वार्षिक वर्सी उत्सव के अंतिम एवं चतुर्थ दिवस पर सतगुरु बाबा गंगाराम साहब की 30वीं वार्षिक वर्सी श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाधि स्थल पर विशेष पूजन-अर्चन, हवन-यज्ञ, हनुमान चालीसा, श्री मात्रा साहब पाठ, श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ की पूर्णाहुति एवं भोग, संतों के प्रवचन, संत भंडारा तथा आम भंडारे का आयोजन होगा। सायंकालीन सत्संग के बाद उत्सव का समापन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों से खुला 100 फीट सड़क चौड़ीकरण का रास्ता : आमजन को मिलेगी बड़ी राहत - कोठारी

## गृह एवं यूडीएच विभाग के समन्वय से उपलब्ध हुई भूमि

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर की बहुप्रतीक्षित मेवाड़ मिल-जोधड़ास फाटक-पांडू नाला 100 फीट सड़क चौड़ीकरण परियोजना को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। विधायक अशोक कोठारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बाद गृह विभाग और शहरी विकास एवं आवासन (यूडीएच) विभाग के समन्वित प्रयासों से सड़क चौड़ीकरण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध हो गई है। इससे वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का रास्ता साफ हो गया है।

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सकारात्मक पहल और विभागों के बेहतर समन्वय से शहर की सबसे महत्वपूर्ण यातायात परियोजनाओं में शामिल इस सड़क के निर्माण को अब गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि मेवाड़ मिल से जोधड़ास फाटक होते हुए पांडू नाला तक प्रस्तावित 100 फीट सड़क भीलवाड़ा की यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में मात्र 10 से 12 फीट चौड़े इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी यातायात दबाव रहता है, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क चौड़ीकरण के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। कोठारी ने कहा कि दोनों विभागों ने प्रशासनिक एवं तकनीकी स्तर पर समन्वय स्थापित कर भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की है। अब सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं रहेगी और परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही ड्रेनेज व्यवस्था, विद्युत लाइन शिफ्टिंग तथा अन्य आवश्यक आधारभूत कार्यों को भी समानांतर रूप से पूरा किया जाए, ताकि निर्माण में अनावश्यक विलंब न हो।

विधायक कोठारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरी आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी सोच के अनुरूप भीलवाड़ा की वर्षों पुरानी इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 100 फीट सड़क के निर्माण के बाद शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी, आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही सुगम होगी तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति मिलेगी।

# नापाखेड़ा स्कूल परिसर में अवैध जल कनेक्शन के लिए खुदाई, स्टाफ ने रुकवाया

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

**दिलखुश**



उपखंड क्षेत्र के नापाखेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मुख्य पेयजल लाइन से कथित रूप से अवैध जल कनेक्शन लेने के लिए की जा रही खुदाई को विद्यालय स्टाफ ने मौके पर रुकवा दिया। मामले की सूचना जलदाय विभाग को देकर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, जलदाय विभाग की मुख्य पेयजल लाइन स्कूल परिसर से होकर गुजरती है। आरोप है कि रेगर कॉलोनी के करीब दस लोगों ने इस लाइन से अवैध कनेक्शन लेने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में कई गहरे गड्ढे खोद दिए और छोटे घरेलू पाइप बिछाकर अपने घरों तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया। बताया गया कि यह कार्य स्कूल समय समाप्त होने के बाद किया जा रहा था। विद्यालय की प्रधानाचार्य दुर्गा मीणा ने बताया कि बनास नदी के समीप स्थित सरकारी कुएं से नापाखेड़ा में पेयजल आपूर्ति के लिए यह मुख्य पाइपलाइन बिछाई गई है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान से पाइपलाइन गुजर रही है, वहां विद्यालय की चारदीवारी के भीतर दो बड़े हॉल का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण कार्य को देखते हुए पाइपलाइन को विद्यालय परिसर से हटाकर चरागाह भूमि की ओर स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, जिसके संबंध में जलदाय विभाग के सावर कार्यालय को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। विद्यालय स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर खुदाई का कार्य रुकवाया। प्रधानाचार्य ने सावर जलदाय विभाग कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए कथित अवैध कनेक्शन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान वाइस प्रिंसिपल कमल सिंह मीणा, व्याख्याता प्रभुलाल मीणा, वरिष्ठ अध्यापक लादूलाल मीणा, अनिल त्रिपाठी सहित विद्यालय का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।



QUICK BITES

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित,कानूनी अधिकारों और लोक अदालत की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।



**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में गुरुवार को खनिज विभाग कार्यालय के बाहर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने आमजन को स्थायी लोक अदालत में जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों के निस्तारण, उनके कानूनी अधिकारों तथा विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान की। साथ ही 18 जुलाई को न्यायालय में आयोजित होने वाली एनआई एक्ट के प्रकरणों के आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता सुनील धाकड़, भंवरलाल चंदोलिया, कैलाश कंडारा, गोवर्धनलाल बारेट, मुश्ताक खां, सोहन खटीक, लक्ष्मण कंडारा, लादूलाल धोबी, जयलाल मीणा, भेरूलाल गुर्जर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## रविवार को कांदा में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर, हर पंचायत रक्त पंचायत अभियान के तहत होगा आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।




मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांदा गांव में 19 जुलाई रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। हर पंचायत रक्त पंचायत अभियान के संस्थापक गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक रक्त संग्रह कर जरूरतमंदों की सहायता करना है।

आयोजकों ने क्षेत्र के सभी रक्तदाताओं, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

## आगुचा चौकी प्रभारी एएसआई सरवन कुमार बिश्नोई को दी भावभीनी विदाई

भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा



**(गोपाल )।** पुलिस विभाग की तबादला सूची के तहत आगुचा पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सरवन कुमार बिश्नोई का गृह जिला जोधपुर स्थानांतरण होने पर स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि करीब छह माह के कार्यकाल में एएसआई बिश्नोई ने पुलिस चौकी की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार किया। वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी पुलिस चौकी का कायाकल्प कराने के साथ ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने का सराहनीय कार्य किया। विदाई समारोह में एएसआई सरवन कुमार बिश्नोई ने क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगुचा में मिले सहयोग और अपनत्व को वे हमेशा याद रखेंगे। स्थानीय नागरिकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं।




# वनवासी क्षेत्रों में सनातन संस्कृति के संवर्धन की अनूठी पहल, 51 हनुमान प्रतिमाएं, 51 रामचरितमानस एवं 2000 हनुमान चालीसा भेंट





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में गुरुवार को सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं वनवासी क्षेत्रों में धार्मिक-सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के सानिध्य में राधेरमन गीतांजलि इंटरप्राइजेज के चितवन व्यास द्वारा भारत माता भक्ति धाम को तीन फीट ऊंचाई की 51 भगवान हनुमान की प्रतिमाएं, 51 रामचरितमानस तथा 2000 हनुमान चालीसा भेंट की गई। इन धार्मिक सामग्रियों को डूंगरपुर, बांसवाड़ा एवं आसपास के वनवासी क्षेत्रों में स्थापित एवं वितरित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुआ। पंडित सत्यनारायण शर्मा एवं अन्य विद्वान आचार्यों ने भगवान हनुमान की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन एवं अभिषेक कराया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भी प्रतिमाओं का दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा उनके सफल स्थापना अभियान की कामना की। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने कहा कि वनवासी क्षेत्रों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जहां मंदिरों की स्थापना होती है, वहां केवल पूजा-अर्चना ही नहीं होती, बल्कि समाज में शिक्षा, संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता का भी वातावरण विकसित होता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान वनवासी समाज को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और भारतीय जीवन मूल्यों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि हँसगंगा हरिशेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं हरि शेवा धर्मशाला द्वारा इस सेवा अभियान के तहत प्रथम चरण में 61 हनुमान प्रतिमाएं वनवासी क्षेत्रों के लिए भेजी जा चुकी हैं, जबकि दूसरे चरण में 51 प्रतिमाएं रवाना की गई हैं। आगामी चरणों में भी आवश्यकता के अनुसार धार्मिक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक गांवों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

बांसवाड़ा परियोजना के प्रमुख प्रचारक धर्मराज भाई इस संपूर्ण अभियान का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी, वहां स्थानीय जनभागीदारी से नियमित पूजा-अर्चना, सुंदरकांड, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों का भी संचालन किया जाएगा, जिससे सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित एवं सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा।

इस अवसर पर महंत स्वरूप दास (अजमेर), महंत हनुमान राम (पुष्कर), महंत तुलसी कलतारी, संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविन्द राम, संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम, संत केशवराम, बालक मिहिर, यश, चाँदमल सोमानी, राधेरमन व्यास, अचल जावलिया, चंद्र लालचंदानी, मिठू नावानी, जयराम अभिचंदानी, वंदना आहूजा, वर्षा अभिचंदानी सहित बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महेश चन्द्र नवहाल बने एनपीसीसी के निदेशक

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एसीसी ने दी नियुक्ति, सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यों से भी जुड़ी पहचान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचंद पेसवानी।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अधीन कार्यरत देश की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की निर्माण कंपनी नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीसीसी) में महेश चन्द्र नवहाल को निदेशक (डायरेक्टर) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के माध्यम से की है। वर्ष 1957 में स्थापित एनपीसीसी भारत सरकार का मिनी रत्न श्रेणी-1 का सार्वजनिक उपक्रम है। वर्तमान में यह वैपकोस लिमिटेड की सहायक कंपनी के रूप में कार्यरत है। एनपीसीसी देशभर में बड़े बांध, भवन, सिंचाई परियोजनाएं, सड़क एवं पुल, जल संसाधन विकास, विद्युत परियोजनाएं, औद्योगिक संरचनाएं तथा परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) सहित विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन करती है।

महेश चन्द्र नवहाल लंबे समय से सामाजिक, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। वे स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत पर्यावरण प्रमुख, जलधारा विकास संस्थान के अध्यक्ष, सनातन सेवा समिति के महामंत्री तथा बायोएंजाइम एकेडमी ऑफ इंडिया, बेंगलुरु के संस्थापक न्यासी भी हैं।

उनके नेतृत्व में जलधारा विकास संस्थान द्वारा मां कोठारी नदी पुनर्जीवन अभियान को जनसहभागिता के साथ संचालित किया गया। इसके अलावा भीलवाड़ा पक्षी



महोत्सव, तितली महोत्सव, पुष्प महोत्सव, गुलदाउदी महोत्सव तथा भीलवाड़ा पुरा प्राचीन वैभव महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का कार्य किया गया।

नवहाल की प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी अनुभव और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए उनकी नियुक्ति को एनपीसीसी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में कंपनी के आधारभूत संरचना विकास, परियोजना प्रबंधन और सतत विकास से जुड़े कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

उनकी नियुक्ति पर सामाजिक, औद्योगिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्रों से जुड़े अनेक संगठनों, सहयोगियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# आवासीय पट्टे पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे,वर्षों पुरानी समस्या का एसडीएम ने किया समाधान

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्र की नांदशा (खालसा) ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जन कल्याण योजना अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।।शिविर में सबसे भावुक क्षण उस समय देखने को मिला जब ग्राम नांदशा निवासी रामलाल पिता घीसा भील जो वर्षों से अपने निवासरत मकान के आवासीय पट्टे के लिए प्रयासरत था जिसे उपखण्ड अधिकारी के आदेश पर आवासीय पट्टा स्वीकृत कर सौंपा गया।पट्टा पाकर रामलाल भावुक हो गया। शिविर में अन्य लाभार्थियों को भी आवासीय पट्टों का वितरण किया गया।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत गतिविधियां भी आयोजित की गई जिसके तहत





महिला एवं बाल विकास विभाग ने अन्नप्राशन,गोदभराई एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गये।पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को मंगला पशु बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। राजस्व विभाग ने बंटवारे से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण कर पात्र लोगों को राहत प्रदान की। चिकित्सा विभाग द्वारा मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां निशुल्क दिलाई गई।शिविर में एसडीएम विवेक गुर्जर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना आसान होता है साथ ही ग्रामीणों की शिकायतों का निस्तारण भी मौके पर ही हो जाता है। शिविर में तहसीलदार विरेन्द्र सिंह,नायब तहसीलदार राधाकिशन विजयवर्गीय,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच,आयुर्वेद अधिकारी डॉ.सतीश शर्मा, विद्युत विभाग की कनिष्ठ अभियंता सोनल सचान,ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.विपिन शर्मा सहित राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह चौहान,किशन सिंह राणावत, पटवारी रमन नाथ योगी, सीएचओ वैदप्रकाश भट्ट,भरतमल गुर्जर,एएनएम पारस पुरोहित,डिंपल बैरवा, पीएम श्री विद्यालय झुमपूरा के संस्था प्रधान सत्यनारायण सिंह,पुर्व तहसीलदार शेषमल सुवालका,ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर (हदवा),प्रशासक प्रतिनिधि आर.एन. गुर्जर,उदयलाल सालवी,भैरूलाल गाडरी,ग्राम विकास अधिकारी सत्यनारायण चौधरी,पुष्कर लाल माली,महिला पर्यवेक्षक उमा क्षोत्रिय,आंगनबाड़ी कर्मचारी रेखा लोहार,बाली वैष्णव,मंजू पारिक,कांता लौहार,रेखा सालवी,यशोदा रेगर,ग्राम साथिन मंजू पारिक सहित कई कर्मचारी,मौतबीर व ग्रामीण मौजूद थे।

# डोडा चूरा नष्ट करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग

## भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

**सांवर वैष्णव।** भारतीय किसान संघ, चित्तौड़ प्रांत के प्रतिनिधिमंडल ने उदयपुर में आबकारी आयुक्त नमित मेहता से मुलाकात कर अफीम उत्पादक किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से अफीम उत्पादन के बाद बचने वाले डोडा चूरा के निस्तारण संबंधी आदेशों पर पुनर्विचार करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारत सरकार अफीम उत्पादक किसानों से निर्धारित मापदंड के अनुसार अफीम खरीदती है, लेकिन उससे बचने वाले डोडा चूरा को वर्ष 2016 से पहले राज्य सरकार ठेका प्रणाली के तहत 125 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदती थी। यह व्यवस्था बंद होने के बाद किसानों को डोडा चूरा नष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसान संघ ने मांग की कि राज्य सरकार डोडा चूरा का 2,000 रुपये प्रति किलो की दर से मुआवजा दे अथवा किसानों को अपने खेत में ही इसे जमींदोज/निस्तारित करने की अनुमति प्रदान करे। किसानों द्वारा स्व-घोषणा पत्र देने की व्यवस्था लागू की जाए और उन पर विश्वास किया जाए। संघ का कहना है कि इससे भूमि की उर्वरता बढ़ेगी, जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि कई किसानों के कच्चे मकान होने के कारण डोडा चूरा सुरक्षित रखना कठिन होता है। कई बार यह बारिश में भीग जाता है या मवेशियों द्वारा खा लिया जाता है, जिससे



किसानों को नुकसान होता है। ऐसे में जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक डोडा चूरा नष्ट करने के आदेशों को स्थगित किया जाए।

आबकारी आयुक्त से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ के प्रांत अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल तेली, संभाग उपाध्यक्ष छगनलाल जाट, उदयपुर जिला मंत्री भरत कुमावत, तहसील अध्यक्ष दुर्गाशंकर (वल्लभनगर), नर्बदा शंकर मेनारिया (कानोड़), मांगीलाल सिंघावत, जगदीश प्रसाद मेनारिया, पुरुषोत्तम रूपावत, अंबालाल कानावत सहित अन्य किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने किया भव्य स्वागत

## पुष्पवर्षा, महाआरती के साथ श्रद्धालुओं को वितरित किए 1000 महाप्रसाद पैकेट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, जिला की तीनों इकाइयों ने इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में निकाली गई भव्य रथ यात्रा का पुष्पवर्षा, महाआरती एवं जयघोष के साथ स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच 1000 मिठाई के महाप्रसाद पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन सांसद एवं संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के निर्देशन में किया गया।




जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था, सेवा और समरसता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि रथ यात्रा के स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ भगवान की महाआरती कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।

युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, संभागीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू, संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष लीला राठी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ओ.पी. हिंगड़ सहित फेडरेशन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माया के कारण होता है भेद का भ्रम, ईश्वर एक, रूप अनेकः दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती

## रामधाम में गुप्त नवरात्रि सत्संग में दिया आध्यात्मिक संदेश, शुक्रवार को होगा सहस्त्र नामावली पाठ व विशेष अर्चन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रामधाम में गुप्त नवरात्रि के अवसर पर आयोजित विशेष सत्संग में दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने ईश्वर की एकरूपता और संसार में उसकी अनेक रूपों में प्रतीति को अत्यंत सरल और मर्मस्पर्शी दृष्टांतों के माध्यम से स्पष्ट किया है। उन्होने कहा कि ईश्वर मूल रूप से एक ही है, लेकिन माया के प्रभाव से वह अनेक रूपों में दिखाई देता है। उन्होंने सूर्य और जल से भरे पात्रों का उदाहरण देकर समझाया कि जैसे एक ही सूर्य





अनेक पात्रों में अलग-अलग प्रतिबिंबित होता है, वैसे ही एक ही परम चेतना सभी जीवों में विद्यमान है। शरीर नष्ट होने पर केवल प्रतिबिंब समाप्त होता है, परमात्मा नहीं। अध्यात्म की इसी रसधारा के बीच गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह 10 बजे से 11 बजे तक भगवान के सहस्त्र नामावली पाठ के साथ विशेष अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इस अनुष्ठान में सम्मिलित होने वाले सभी पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पारंपरिक परिधान अनिवार्य किया गया है। सभी भक्तों को धोती-कुर्ते में ही अर्चन में बैठने की अनुमति होगी। इस सामूहिक अर्चन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# झंझोला में विधायक खंडेलवाल ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## विद्यालय के लिए 10 नए कमरों की घोषणा, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत झंझोला में पंचायत समिति मद से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें आमजन को समर्पित किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही गांव की आधारभूत अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

लोकार्पित कार्यों में नंदा लोहार के घर से भेरूजी के स्थान तक सीसी सड़क निर्माण, नृसिंह भगवान मंदिर चौक में सीसी सड़क, बांसबड़ा माताजी (साला का खेड़ा) में सीसी चौक तथा देवनारायण भगवान के स्थान पर सीसी चौक निर्माण शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने ग्रामीणों की मांग पर विद्यालय में 10 नए कमरों के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जनहित के कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, चौक, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर आमजन के जीवन को अधिक सुगम बनाया जा रहा है।लोकार्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और घुड़सवारी के साथ भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ग्राम पंचायत झंझोला में विकास कार्यों को नई गति मिली है और आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर, मुकेश मीणा, दुर्गालाल काबरा, प्रकाश शर्मा, रामलाल भील, मंडल महामंत्री संजय शर्मा, प्रहलाद माली, श्यामलाल शर्मा, मुकेश धाकड़ सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में देवतालाब में श्रमदान

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगरपालिका प्रशासन द्वारा पालिका क्षेत्र में दुर्ग स्थित देवतालाब की पाल पर मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिको द्वारा श्रमदान कर तालाब के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा प्रदान किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी देवीसिंह राठौड़ ने बताया कि योजनाअंतर्गत श्रमिको द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में आवश्यक कार्यो को पूरा करवाने के लिए श्रमिको द्वारा श्रमदान करवाकर कार्यो को गति प्रदान की जा रही है। सुबह 6 से दोपहर दो बजे तक श्रमिकों द्वारा कार्य किया जा रहा है। कार्यस्थल पर ठंडा पानी,मेडिकल किट,पर्याप्त छाया के पुख्ता प्रबंध किए गए है।



## QUICK BITES

# सांवरिया सेठ मंदिर में जगन्नाथ उत्सव पर उमड़ी आस्था की भीड़, दिव्य झांकी ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

## पुरी की तर्ज पर सजी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की झांकी, महाआरती के बाद वितरित हुई महाप्रसादी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ उत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजनों के तहत ठाकुर जी ने अपने गर्भगृह में ही भक्तों को अलौकिक जगन्नाथ स्वरूप में दर्शन दिए, जिसे देखने के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। उत्सव के दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी और सुगंधित पुष्पों से अत्यंत भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि पुजारी दीपक पाराशर, मंत्री श्रवण सेन, दर्शन प्रमुख राकेश खोईवाल, सामग्री प्रमुख गिरराज काबरा एवं भंवरलाल दरगड़ सहित प्रबंध समिति के विशेष सेवा-प्रयासों से इस उत्सव को अभूतपूर्व और भव्य रूप प्रदान किया गया। गर्भगृह में साक्षात पुरी (ओडिशा) की तर्ज पर भगवान सांवरिया सेठ को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दिव्य व अलौकिक रथ यात्रा की मनोरम झांकी के स्वरूप में सजाया गया। ठाकुर जी की इस अनुपम छवि को निहार कर भक्त भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर सांवरिया सेठ और जगन्नाथ स्वामी के जयकारों से गूंज उठा। उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में संध्या वेला में भगवान की भव्य महाआरती उतारी गई। महाआरती में भीलवाड़ा शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात सभी भक्तों को विशेष महाप्रसादी का वितरण किया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गईं।

# महुआ के राजकीय विद्यालय में 11 पद रिक्त, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।



कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हाल ही में हुए स्थानांतरण के बाद रिक्त पदों पर नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित कुल 11 पद रिक्त होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में करीब 650 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है। विद्यालय में हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत विषय के प्राध्यापकों के साथ-साथ हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं संस्कृत के वरिष्ठ अध्यापकों तथा लेवल-द्वितीय अंग्रेजी अध्यापक का पद भी रिक्त है।

समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सीबीईओ कार्यालय, मांडलगढ़ पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शीघ्र रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, कैलाश चन्द्र शर्मा, लोकेश सोनी, दिनेश जैन, कैलाश धाकड़, भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष मांडलगढ़ ओमप्रकाश खटीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सीबीईओ ने ग्रामीणों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में 27 जुलाई को निकलेगी संकीर्तन प्रार्थना रैली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत 27 जुलाई 2026 सोमवार को हरिसेवा वाटिका से जिला कलेक्टर कार्यालय तक विशाल संकीर्तन प्रार्थना रैली निकाली जाएगी। अभियान के मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि अभियान प्रधान संरक्षक वेदलक्षणा गोमाता एवं अध्यक्ष नंदी बाबा (वृषभ) की प्रेरणा से संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य देशी गौवंश को सुरक्षा, सम्मान, सेवा तथा संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग को लेकर जनसमर्थन एकत्रित करना है।

महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के तहत महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 5 लाख से अधिक हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किए जाएंगे।

जिला प्रचारक संत श्री लाल जी महाराज कोटडी ने बताया कि अभियान से जुड़े सभी गोभक्तों, संत समाज, सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिकतम संख्या में प्रार्थना पत्रों पर हस्ताक्षर करवाकर 22 जुलाई 2026 सायं 6 बजे तक विधायक कार्यालय, भीलवाड़ा विशेष वाहक के माध्यम से उपलब्ध कराएं।

कार्यक्रम के अनुसार 27 जुलाई को प्रातः 7 से 8 बजे तक अल्पाहार, 8 से 9:15 बजे तक विजय मंत्र संकीर्तन (श्रीराम जय राम जय जय राम), 9:15 से 10 बजे तक आगंतुकों का स्वागत तथा प्रातः 10 बजे संकीर्तन प्रार्थना रैली का शुभारंभ होगा।

जिला समन्वयक परम गौ भक्त सुनील जागेटिया ने बताया रैली हरिसेवा वाटिका से प्रारंभ होकर सीताराम जी की बावड़ी, सूचना केंद्र चौराहा, बालाजी मार्केट, गोल प्याऊ चौराहा, अंबेडकर सर्किल, मशीनरी मार्केट होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे।

महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज ने संत समाज, गोसेवकों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर गौ माता के सम्मान एवं संरक्षण के इस जनआंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

अभियान के जिला प्रभारी प्रचारक संत श्री लाल जी महाराज ( कोटडी), जिला प्रभारी जगदीश तेली एवं नंदकिशोर तेली (गंगापुर), जिला समन्वयक परम गौ भक्त सुनील जागेटिया तथा भीलवाड़ा विधायक एवं परम गौ भक्त अशोक कुमार कोठारी ने भी सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं गौभक्तों से रैली में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।